**प्रेस नोट**
**दिनांक 05.12.2024**

**आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में गोण्डा पुलिस ने प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्राप्त किया प्रथम स्थान-**

**पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों व IGRS शाखा के कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी जनसुनवाई तथा आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त प्रर्थाना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु किया गया निर्देशितः**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के नेतृत्व में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने पर मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन द्वारा जारी रैंकिंग में जनपद ‘‘गोण्डा पुलिस को उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान’’ प्राप्त हुआ है। महोदय द्वारा जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की गई तथा इसी प्रकार आगे भी जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
महोदय द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रतिमाह शासन द्वारा की जाती है। समीक्षा/फीडबैक के आधार पर ही शासन द्वारा सभी जिलों की रैकिंग जारी की जाती है। शासन द्वारा आम लोगों की शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई थी। सभी प्रकार के शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की एक समय सीमा निर्धारित होती है। समय सीमा के बाद भी अगर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाता है। शिकायतों के त्वरित और बेहतर निस्तारण पर जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। महोदय द्वारा आईजीआरएस सेल प्रभारी निरीक्षक राजेश चौधरी व उनकी टीम को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

**शिकायतों के निस्तारण कराने वाली आईजीआरएस टीम का विवरण-**

01. आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी
02. का० विवेक कुमार सिंह
03. का० वीपी कुमार
03. म०का० नम्रता कुशवाहा
04. म०का० शिखा वर्मा
05. म०का० नैन्सी गुप्ता
06. म०का० प्रीति देवी

**मीडिया सेल, गोण्डा**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 05.12.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा नगर क्षेत्र मे भोर गश्त करते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का लिया गया जायजा व पुलिस पिकेट आदि को चेक कर संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश -**

आज दिनांक 05.12.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा नगर क्षेत्र में भोर गश्त करते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु जायजा लिया गया। प्रमुख चैराहों, तिराहों, सर्राफा मार्केट, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य चिन्हित स्थानों पर भोर गस्त कर पुलिस पिकेट आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

महोदय द्वारा भोर में निकलने वाले आमजनमानस से जनसंवाद स्थापित कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया गया। शहर के धार्मिक स्थलों पर जाकर अनुयायियों एवं सम्बन्धित से वार्ता किया गया तथा लाऊडस्पीकर के सम्बन्ध में आदेश से अवगत कराते हुए शान्ति एंव कानून व्यवस्था व्यापक रूप से बनाए रखने हेतु बताया गया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चैराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जा रही है। आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है। जनपद के बार्डर एरिया पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की संघन चेकिंग की जा रही है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक-05.12.2024**

**वार्षिक निरीक्षण पुलिस कार्यालय**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा पुलिस कार्यालय का किया गया वार्षिक निरीक्षण, समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश-**

आज दिनांक 05.12.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय गोण्डा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा जनशिकायत, मीडिया सेल, जनसूचना सेल, आगन्तुक हेल्प डेस्क, सी0ओ0 लाइन, एलआईयू, पासपोर्ट सेल, डीसीआरबी, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एएचटीयू, आई0जी0आर0एस0 शाखा, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, साइबर सेल पेंशनर सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी की साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, डी0सी0आर0वी0 शाखा को अभियान चलाकर अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया । विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सों एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जनशिकायत व आई0जी0आर0एस शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने तथा सीसीटीएनएस शाखा को सीसीटीएनएस प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने व समय-समय पर कार्यशाला आयोजित कराने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा मॉनीटरिंग सेल को जघन्य अपराधों व महिला सम्बन्धी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने तथा सोशल मीडिया सेल को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों व न्यूज चैनलों पर सतत निगरानी रखने व एलआईयू शाखा को पासपोर्ट वेरीफिकेशन का समयबद्ध निस्तारण करने व अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए गए।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**